आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 02.06.2026
समय 1305

मुख्य समाचार :—

- गढ़वाल आयुक्त आनंद स्वरूप ने केदारनाथ यात्रा व्यवस्थाओं की समीक्षा की। भ्रामक सूचनाओं पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।
- श्रीलंका के सिविल सेवा अधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल ने एसडीआरएफ मुख्यालय का भ्रमण कर आपदा प्रबंधन क्षमता की जानकारी ली।
- हल्द्वानी वन प्रभाग ने पक्षी विविधता के वैज्ञानिक आकलन के लिए अत्याधुनिक वन्यजीव रिकॉर्डर और कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित निगरानी प्रणाली की शुरुआत की है।
- पौड़ी जिले में जिला उद्योग केंद्र, कोटद्वार द्वारा कल एक दिवसीय निर्यात प्रोत्साहन कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।

आयुक्त समीक्षा

गढ़वाल मंडल के आयुक्त आनंद स्वरूप ने रुद्रप्रयाग में केदारनाथ धाम यात्रा व्यवस्थाओं की समीक्षा की। बैठक में यात्रा के दौरान सामने आ रही समस्याओं, चुनौतियों और उनके निराकरण के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों से सुझाव भी लिए गए। बैठक में यात्रा से संबंधित भ्रामक सूचनाओं और अफवाहों की रोकथाम पर भी विशेष चर्चा की गई। आयुक्त ने सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों पर प्रसारित भ्रामक खबरों की नियमित निगरानी करने और भ्रम फैलाने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

श्रीलंका प्रतिनिधिमंडल

राष्ट्रीय सुशासन केंद्र की ओर से आयोजित क्षमता विकास कार्यक्रम के तहत श्रीलंका के 39 सदस्यीय सिविल सेवा अधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल ने जौलीग्रांट स्थित एसडीआरएफ वाहिनी मुख्यालय का भ्रमण किया। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने एसडीआरएफ की कार्यप्रणाली, प्रशिक्षण व्यवस्थाओं और आपदा प्रबंधन क्षमताओं की जानकारी प्राप्त की। भ्रमण के दौरान प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों को आपदा प्रबंधन की रणनीतियों, खोज व बचाव तकनीकों और आपातकालीन परिस्थितियों में संचालित राहत व बचाव अभियानों की जानकारी दी गई। साथ ही उत्तराखंड में एसडीआरएफ के विभिन्न आपदाओं के दौरान किए गए सफल रेस्क्यू अभियानों और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में निभाई गई भूमिका से भी अवगत कराया गया। प्रतिनिधिमंडल ने एसडीआरएफ के आधुनिक प्रशिक्षण संसाधनों, पेशेवर दक्षता और आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में विकसित प्रभावी कार्यप्रणाली की सराहना की। सदस्यों ने कहा कि आपदा के समय त्वरित और समन्वित

प्रतिक्रिया, अत्याधुनिक उपकरणों के उपयोग और मानव जीवन की सुरक्षा के प्रति एसडीआरएफ की प्रतिबद्धता इसे एक अनुकरणीय संस्था बनाती है। सदस्यों ने यह भी कहा कि एसडीआरएफ का अनुभव और कार्यप्रणाली आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में अन्य देशों के लिए भी उपयोगी और प्रेरणादायक साबित हो सकती है।

## फर्जी फिटनेस सर्टिफिकेट

देहरादून में वाहनों के फिटनेस प्रमाण पत्र को लेकर बड़े फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ है। संभागीय परिवहन कार्यालय, प्रशासन, संदीप सैनी के अनुसार, ऑटोमेटेड फिटनेस टेस्टिंग सेंटर के डेटा की जांच में पाया गया कि देहरादून में पंजीकृत कई व्यावसायिक वाहनों ने फिटनेस प्रमाण पत्र ग्वालियर, इंदौर, बिजनौर और रांची जैसे शहरों से प्राप्त किए हैं। मामले को गंभीरता से लेते हुए विभाग ने 100 से अधिक संदिग्ध वाहनों को चिन्हित कर कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। आरटीओ ने स्पष्ट किया है कि संतोषजनक जवाब न मिलने या अनियमितता पाए जाने पर वाहनों की फिटनेस तत्काल निरस्त कर दी जाएगी। साथ ही संबंधित राज्यों के ए.टी.एस. सेंटरों, ए.आर.टी.ओ, आर.टी.ओ और परिवहन मुख्यालयों से भी रिकॉर्ड तलब कर जांच शुरू कर दी गई है।

## पक्षियों की आवाज

हल्द्वानी वन प्रभाग ने पक्षी विविधता के वैज्ञानिक आकलन के लिए अत्याधुनिक वन्यजीव रिकॉर्डर और कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित निगरानी प्रणाली की शुरुआत की है। प्रभागीय वनाधिकारी कुंदन कुमार ने बताया कि उत्तराखंड वन विभाग की यह पहली पहल है, जिसमें आधुनिक तकनीक का उपयोग कर पक्षियों और वन्यजीवों की निगरानी की जाएगी।

वरिष्ठ वन्यजीव जीव विज्ञानी प्रशांत आर्य ने कहा कि इस पहल के तहत वन क्षेत्रों में स्वचालित रिकॉर्डर लगाए जा रहे हैं, जो 24 घंटे पक्षियों और अन्य जीवों की आवाज रिकॉर्ड करेंगे। रिकॉर्ड किए गए डेटा का विश्लेषण ए.आई. और मशीन लर्निंग तकनीक से किया जाएगा, जिससे पक्षियों की प्रजातियों, उनकी संख्या, गतिविधियों और आवास संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हो सकेगी।

## समीक्षा

आयुष मंत्री मदन कौशिक ने विधानभवन में आयोजित बैठक में आयुर्वेदिक विश्वविद्यालय हर्रावाला से जुड़े पूर्व निर्णयों के अनुपालन और क्रियान्वयन की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने ऋषिकुल और गुरुकुल हरिद्वार आयुर्वेदिक कॉलेजों में दवाइयों के सुचारू वितरण के लिए तत्काल प्रभाव से आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आयुष विश्वविद्यालयों में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था नहीं होनी चाहिए। श्री कौशिक ने टेक्नीशियन और लाइब्रेरियन सहित रिक्त पदों को भरने के लिए जल्द अधियाचन भेजने के निर्देश भी दिए।

**कार्यशाला**

पौड़ी जिले में जिला उद्योग केंद्र, कोटद्वार द्वारा कल एक दिवसीय निर्यात प्रोत्साहन कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इसमें स्थानीय उद्यमी, स्वयं सहायता समूह, व्यवसायी, स्टार्टअप संचालक और उद्योग क्षेत्र से जुड़े अन्य हितधारक भाग लेंगे। कार्यशाला में प्रतिभागियों को निर्यात से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तृत जानकारी दी जाएगी। महाप्रबंधक उद्योग सोमनाथ गर्ग ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य स्थानीय उत्पादकों और उद्यमियों को वैश्विक बाजारों से जोड़ना तथा उन्हें निर्यात के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए आवश्यक जानकारी एवं सहयोग उपलब्ध कराना है। इससे स्थानीय स्तर पर तैयार किए जा रहे उत्पादों को नए बाजार मिलेंगे, जिससे उद्यमिता को बढ़ावा मिलने के साथ–साथ रोजगार और आर्थिक गतिविधियों में भी वृद्धि होगी। उन्होंने जिले के सभी इच्छुक उद्यमियों, स्वयं सहायता समूहों, कारीगरों और व्यवसायियों से इस कार्यशाला में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है।